बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना

प्रलिम्सि के लयि:

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, वन-स्टॉप सेंटर।

मेन्स के लयि:

बालकिाओं के अधकिार, संबंधति मुद्दे और इस संबंध में कदम उठाने की ज़रूरत।

चर्चा में क्यों?

महलिा एवं बाल वकिास मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी दशिा-नर्दिेशों के अनुसार, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (BBBP) योजना को सभी ज़लिों में लागू कयिा जाएगा।

दशिा-नर्दिेश:

- मंत्रालय ने अब जन्म के समय लगिनुपात (SRB) में प्रतवि़र्ष 2 अंक सुधार और संस्थागत प्रसव में 95% या उससे अधकि सुधार का लक्ष्य रखा है।
- 'खेलो इंडयिा' के तहत प्रतभिाओं की पहचान कर उन्हें उपयुक्त प्राधकिारयिों से जोड़कर खेलों में लड़कयिों की भागीदारी बढ़ाना है।
- आत्मरक्षा शवरिों को बढ़ावा देना, लड़कयिों के लयि शौचालयों का नरि्माण, सैनटिरी नैपकनि वेंडगि मशीन और सैनटिरी पैड उपलब्ध कराना, वशिेष रूप से शैक्षणकि संस्थानों में PC-PNDT (पूरव गर्भाधान और प्रसव पूर्व नदिान तकनीक) अधनियिम 1994 के बारे में जागरूकता आदि।
    - **PC-PNDT** अधनियिम का उद्देश्य पूर्व गर्भाधान या बाद में लगि चयन तकनीकों के उपयोग पर प्रतबिंध लगाना और लगि-चयनात्मक गर्भपात के लयि प्रसव-पूर्व नदिान तकनीक के दुरुपयोग को रोकना है।
- **शून्य-बजट वज्ञिापन और ज़मीनी प्रभाव वाली गतवधियिों पर अधकि खर्च को प्रोत्साहति करना।**
    - वर्ष 2021 में महलिाओं के सशक्तीकरण पर संसदीय समति ने अपनी रपिोर्ट में कहा कि BBBP योजना में लगभग 80% धन का उपयोग वज्ञिापनों के लयि कयिा गया है, न कि महलिाओं के स्वास्थ्य और शक्षिा पर।
- घरेलू हसिा और तस्करी सहति हसिा का सामना करने वाली महलिाओं की मदद के लयि स्थापति वन-स्टॉप सेंटर (OSC) को मज़बूत करना, उन ज़लिों में 300 OSC जोड़कर, जहाँ या तो महलिाओं के खलिाफ अपराधों की उच्च दर है या भौगोलकि रूप से बड़े हैं, वशिेषतः आकांक्षी ज़लिों में।

IN THE WORKS

- Additional 300 One-Stop Centres to be set up; existing centres to be upgraded
- Govt to introduce free day-care créche facilities through Palna
- Half-Way Homes to be set up under Anti-Trafficking Units, where a group of victims, ready for reintegration, can live and work out of
- Hubs for empowerment of women to be set up at Central, states and districts levels to merge and monitor schemes

//

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ:

- **परिचय:**
  - इसे जनवरी 2015 में लिंग चयनात्मक गर्भपात (Sex Selective Abortion) और गिरते बाल लिंग अनुपात (Declining Child Sex Ratio) को संबोधित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था, जो 2011 में प्रति 1,000 लड़कों पर 918 लड़कियाँ था।.
  - यह महिला और बाल विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय की एक संयुक्त पहल है।
  - यह कार्यक्रम देश के 405 ज़िलों में लागू किया जा रहा है।
- **मुख्य उद्देश्य:**
  - लिंग आधारित चयन पर रोकथाम।
  - बालिकाओं के अस्तित्व और सुरक्षा को सुनिश्चित करना।
  - बालिकाओं के लिये शिक्षा की उचित व्यवस्था तथा उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना।
  - बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा करना।
- **योजना का प्रदर्शन:**
  - **जन्म के समय लिंग अनुपात:**
  - स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (Health Management Information System- HMIS) से प्राप्त आँकड़ों के अनुसार, वर्ष 2014-15 में जन्म के समय लिंग अनुपात 918 था जो वर्ष 2019-20 में 16 अंकों के सुधार के साथ बढ़कर 934 हो गया है।
- **महत्त्वपूर्ण उदाहरण:**
  - मऊ (उत्तर प्रदेश) में वर्ष 2014-15 से वर्ष 2019-20 तक लिंग अनुपात 694 से बढ़कर 951 हुआ है।
  - करनाल (हरियाणा) में वर्ष 2014-15 से वर्ष 2019-20 तक यह अनुपात 758 से बढ़कर 898 हो गया है।
  - महेन्द्रगढ़ (हरियाणा) में वर्ष 2014-15 से वर्ष 2019-20 तक यह 791 से बढ़कर 919 हो गया।
- **स्वास्थ्य:**
  - **ANC पंजीकरण:** पहली तिमाही में प्रसव पूर्व देखभाल (AnteNatal Care- ANC) पंजीकरण में सुधार का रुझान वर्ष 2014-15 के 61% से बढ़कर वर्ष 2019-20 में 71% देखा गया है।
  - संस्थागत प्रसव में सुधार का प्रतिशत वर्ष 2014-15 के 87% से बढ़कर वर्ष 2019-20 में 94% तक पहुँच गया है।
- **शिक्षा:**
  - **सकल नामांकन अनुपात (GER):** शिक्षा के लिये एकीकृत ज़िला सूचना प्रणाली (UDISE) के अंतिम आँकड़ों के अनुसार, माध्यमिक स्तर पर स्कूलों में बालिकाओं के सकल नामांकन अनुपात (Gross Enrolment Ratio-GER) में 77.45 (वर्ष 2014-15) से 81.32 (वर्ष 2018-19) तक सुधार हुआ है।
    - **लड़कियों के लिये शौचालय:** लड़कियों के लिये अलग शौचालय वाले स्कूलों का प्रतिशत वर्ष 2014-15 में 92.1% से बढ़कर वर्ष 2018-19 में 95.1% हो गया है।
  - **मनोवृत्ति परिवर्तन:**
    - BBBP योजना कन्या भ्रूण हत्या के महत्त्वपूर्ण मुद्दे, लड़कियों के बीच शिक्षा की कमी और जीवन चक्र निरंतरता पर उनको अधिकारों से वंचित करने पर ध्यान केंद्रित करने में सक्षम रही है।
    - बेटी जन्मोत्सव प्रत्येक ज़िले में मनाए जाने वाले प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है।

संबंधित पहल:

- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
- सुकन्या समृद्धि योजना
- सीबीएसई उड़ान योजना
- माध्यमिक शिक्षा हेतु लड़कियों को प्रोत्साहन राष्ट्रीय योजना
- राष्ट्रीय बालिका दिवस
- किशोरियों हेतु योजना

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस